INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 5	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए :-

दो दोस्त थे संजय और मनोज दोनों बेरोजगार थे। दोनों अपने परिचित गुरुजी से अपनी परेशानी बताई और कहा, "गुरु जी हमें कुछ रुपए दीजिए ,जिससे हम कुछ काम धंधा शुरू कर सकें।" गुरुजी ने दोनों को एक- एक हजार रुपए दिए और कहा, "तुम्हें यह रुपए एक साल के अंदर लौटाने होंगे।"

दोनों ने गुरुजी की बात मान ली और रुपए लेकर चल दिए। रास्ते में संजय ने कहा ,"हमें इन रुपए से कोई अच्छा काम शुरू करना चाहिए।" पर मनोज ने कहा, "नहीं अब कुछ दिन हम इन रुपयों से अच्छे स्थान पर घूमने जाएँगे और मौज करेंगे।"

एक साल बीत जाने के बाद दोनों दोस्त गुरुजी के पास आए। गुरुजी ने मनोज से पूछा, "तुमने उन रुपयों का क्या किया? क्या लौटाने के लिए रकम लाए हो?" मनोज ने मुँह लटका कर कहा, "गुरुजी किसी ने वह रुपए ठग कर ले लिए।"

फिर गुरु जी ने संजय से प्रश्न किया, "तुम भी खाली हाथ आए हो क्या?" संजय ने मुस्कुराकर जवाब दिया नहीं गुरु जी यह लीजिए ₹1000 और अतिरिक्त ₹1000 । गुरुजी ने पूछा, "तुम इतने रुपए कहाँ से कमा लाए? क्या तुमने किसी को धोखा दिया है?" संजय ने बताया जी नहीं मैंने तो यह अपनी सूझबूझ से रुपए कमाए हैं - एक किसान को परेशानी में देखकर मैंने उसके सभी फल खरीद लिए। फिर उन्हें शहर में जाकर बेच दिया इसके बाद वह प्रतिदिन मुझे फल ला कर देता और मैं उन्हें बेच देता । कुछ दिनों के बाद मैंने शहर में दुकान लेली और फलों का काम शुरू किया। इतना कह कर वह गुरु जी को मदद करने के लिए धन्यवाद दिया और अतिरिक्त रुपए किसी जरूरतमंद को देने के लिए रखने का आग्रह किया। गुरुजी संजय से बहुत खुश हुए और मनोज से कहा, "अगर तुम भी समझदारी और मेहनत से काम करते तो सफल हो सकते थे।" संजय ने कहा, "अभी भी कुछ बिगड़ा नहीं है श्रम का महत्व समझो। सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।"

शिक्षा. श्रम का महत्व समझो सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।

प्रश्न -1- संजय और मनोज कौन थे? दोनों ने अपनी परेशानी किसे बताई?

प्रश्न -2- गुरुजी ने दोनों को कितने रुपए दिए?और क्या कहा ?

प्रश्न -3- गुरुजी से रुपए लेकर जाते समय रास्ते में संजय ने क्या कहा?

प्रश्न -4- गुरुजी ने मनोज से क्या पूछा?

प्रश्न-5- "तुम भी खाली हाथ आए हो क्या?" गुरु जी का यह प्रश्न सुनकर संजय ने क्या जवाब दिया ?

प्रश्न -6- संजय ने अपनी सूझबूझ से कैसे रुपए कमाए थे?

प्रश्न -7- गद्यांश में से ढूँढकर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -

1 - दुश्मन - ----------------- 2 - अपरिचित - ----------------

3 - अनेक - ----------------- 4 - बेच - ----------------

प्रश्न -8- इस गद्यांश से हमने क्या **सीखा ?**

****